**दिल्ली में हरिजन**

275. श्री कंवर लाल गुप्त : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि दिल्ली में बहुसंख्यक हरिजन गंदी बस्तियों और झोपड़ियों में रहते हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उनके लिये कोई विशेष योजना तैयार की है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती फूलरेणु गुह) : (क) इस सम्बन्ध में कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है ।

(ख) और (ग). गन्दी बस्तियों में रहने वाले हरिजन उन मकानों, जो गन्दी बस्तियों को हटाने सम्बन्धी योजना के अन्तर्गत बनाये गये हैं, के नियतन के उतने ही पात्र हैं जितना कि गन्दी बस्तियों के अन्य निवासी । वे हरिजन जिनकी आय निर्धारित सीमा से अधिक नहीं है उन मकानों, जो आर्थिक दृष्टि से समाज के कमजोर अंगों के लिये गृह-निर्माण कार्यक्रम के अन्तर्गत बनाये गये हैं, के लिये भी योग्य पात्र हैं इन दोनों मामलों में उन्हें मकान के नियतन अनुपूरित किराये पर दिये जाते हैं ।

**आय कर विभाग द्वारा करों की वापसी**

276. श्री कंवर लाल गुप्त : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आयकर विभाग द्वारा अभी आयकर की वापस की जाने वाली कई राशियों का भुगतान किया जाना है ;

(ख) यदि हां, तो इस समय उनकी संख्या कितनी है ;

(ग) क्या यह सच है कि वापिस की जाने वाली कई राशियों का भुगतान तीन तीन वर्ष से भी अधिक समय से नहीं किया गया है ;

(घ) वापिसी की जाने वाली राशियों का शीघ्र भुगतान करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ङ) क्या वापिस की जाने वाली राशियों का अब तक भुगतान न करने के लिए उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध सरकार का कार्यवाही करने का विचार है ?

उपप्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) कर की वापसी से सम्बन्धित कुछ मामलें विभाग के पास विचाराधीन पड़े हैं ।

(ख) तथा (ग). अपेक्षित सूचना विभिन्न आयकर आयुक्तो से मांगी गई हैं और यथा समय सभा की मेज पर रख दी जायगी ।

(घ) (i) अधिकारियों को कर की वापसी के दावों को शीघ्रता से निबटाने की आवश्यकता को जोर देकर समझाते हुए समय समय पर आदेश जारी किये गये हैं ।

(ii) कर की वापसी के बकाया मामलों को शीघ्र निपटाने के लिये विशेष कर वापसी सप्ताह मनाये जाते हैं । इन सप्ताहों में सभी अधिकारी अन्य रूप से कर वापसी के दावों का कार्य करते हैं ।

(ङ) अधिकारियों द्वारा जानबूझ कर लापरवाही के कारण विलम्ब का कोई मामला अभी तक ध्यान में नही आया है । अतः किसी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने का कोई प्रस्ताव इस समय सरकार के सामने नहीं है ।

**Foreign Exchange given to Prime Minister's Sons for Studies Abroad**

277. Shri Baburao Patel: Will the Minister of Finance be pleased to refer to the reply given to Unstarred